>

Title: Need to provide adequate water for irrigation to Bharatpur in Rajasthan.

श्री रतन सिंह (भरतपुर) राज्यों के मध्य हुए अनुबंधों के अनुरूप जो पानी राजस्थान एवं भरतपुर जिले को मिलना चाहिए वह नहीं मिल पा रहा है और हर वर्ष मिलने वाला पानी कम होता जा रहा है। भरतपुर को अनुबंध के आधार पर जो गुड़गांव कैनाल से पानी मिलना चाहिए, उसका आधे से कम केवल 48 प्रतिशत पानी मिल रहा है एवं यमुना जल से सीजनल आवंटन की पानी की मात्रा हर साल घट रही है। जबकि केन्द्र सरकार जानती है कि राजस्थान में पानी का काफी अभाव है एवं अन्य राज्यों से पानी की आपूर्ति से खेतीबाड़ी की सिंचाई हो सकती है। भरतपुर को पानी उपलब्ध करने के लिए दूसरी नहर का निर्माण कराया जाए। इसके लिए मेमोरेंडम ऑफ अन्डरस्टेंडिंग संबंधित राज्यों के साथ शीघ्र करवाया जाये। इस पानी में से नहर द्वारा लिफ्ट सिस्टम से सीकरी बांध में भी पानी डाला जाये एवं सिंचाई हेतु दूसरी ओर नहर का निर्माण करवाया जाये। राजस्थान राज्य एवं भरतपुर जले अनुबंध के आधार पर पानी का हिस्सा दिलवाने हेतु कई बैठकें वं विभिन्न स्तरों पर प्रयास राजस्थान सरकार द्वारा किए गए हैं।

सरकार से अनुरोध है कि भरतपुर जिले को अनुबंध एवं करार के निर्णय के अनुसार 1281 क्यूसेक (CUSEC)) पानी उपलब्ध करवाया जाये एवं इसके लिए एम ओ यू संबंधित राज्यों के बीच शीघ्र किया जाये, जिससे भरतपुर में पानी की कठिनाई एवं कमी को दूर किया जा सके।